राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

स्केटर हंसिका मिली राज्यपाल से

जयपुर, 15 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को यहां राजभवन में स्केटर हंसिका कमोया ने मुलाकात की।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा तथा समाज में लिंग भेद को लेकर जागरूकता लाने की मंशा लेकर उदयपुर से स्केटिंग करती हुई दिल्ली पहुंचने का लक्ष्य रखने वाली हंसिका को राज्यपाल श्री मिश्र ने बधाई दी और उन्हें लक्ष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि '' हंसिका का उद्देश्य महत्वपूर्ण है। मैं बेटी हंसिका को उसके लक्ष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। ''

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान